The Economic Times (Hindi)

Delhi - Jun 07, 2016

Page No:	1	Type:	Newspaper
Page Name:	Front Page	Language:	Hindi
Size:	203 sq. cm	Circulation:	10,344
AVE:	INR 49,685	Frequency:	Daily

News monitored for: Lemon Tree Hotels

Title: Private equity funds to invest Rs 1,000 cr on Lemon Tree Hotels

PE फंड्स लेमन ट्री होटल्स में लगाएंगे 1,000 करोड़!

ब्लैकस्टोन ग्रुप, टीपीजी कैपिटल मैनेजमेंट और कैपिटल इंटरनेशनल ग्रुप जैसे प्राइवेट इक्विटी फंड्स दिल्ली की होटल चेन लेमन ट्री होटल्स में 10-15 पर्सेंट हिस्सेदारी 800-1,000 करोड़ रुपये में खरीदने के लिए बात कर रहे हैं। इस डील को आईपीओ से पहले की फंडिंग माना जा रहा है। लेमन ट्री ने इस फाइनेंशियल ईयर के आखिरी क्वॉर्टर या अगले फिस्कल ईयर की शुरुआत में आईपीओ लाने की योजना बनाई है। यह जानकारी सौदे की बातचीत से वाकिफ कई सूत्रों ने दी है। उन्होंने बताया कि कंपनी आईपीओ से भी 1,000 करोड़ रुपये जुटाएगी। हालांकि, पब्लिक ऑफर लाने का काम इस फाइनेंशियल ईयर की दूसरी छमाही में ही शुरू होगा। पेज 7

© The Economic Times (Hindi)

The Economic Times (Hindi)

Delhi - Jun 07, 2016

Page No: 7
Page Name: Desh Duniya
Size: 203 sq. cm
AVE: INR 49,685

Type: Newspaper
Language: Hindi
Circulation: 10,344
Frequency: Daily

News monitored for: Lemon Tree Hotels
Title: Private equity funds to invest Rs 1,000 cr on Lemon Tree Hotels

लेमन ट्री होटल्स में 1,000 करोड़ लगाएंगे PE फंड्स!

[इंदुलाल पीएम | मुंबई]

ब्लैकस्टोन ग्रुप, टीपीजी कैपिटल मैनेजमेंट और कैपिटल इंटरनेशनल ग्रुप जैसे प्राइवेट इक्विटी फंड्स दिल्ली की होटल चेन लेमन ट्री होटल्स में 10-15 पर्सेंट हिस्सेदारी 800-1,000 करोड़ रुपये में खरीदने के लिए बात कर रहे हैं। इस डील को आईपीओ से पहले की फंडिंग माना जा रहा है। लेमन ट्री ने इस फाइनेंशियल ईयर के आखिरी क्वॉर्टर या अगले फिस्कल ईयर की शुरुआत में आईपीओ लाने की योजना बनाई है।

यह जानकारी सौदे की बातचीत से वाकिफ कई सूत्रों ने दी है। उन्होंने बताया कि कंपनी आईपीओ से भी 1,000 करोड़ रुपये जुटाएगी। हालांकि, पब्लिक ऑफर लाने का काम इस फाइनेंशियल ईयर की दूसरी छमाही में ही शुरू होगा। प्राइवेट इक्विटी फंड्स के साथ नई डील में लेमन ट्री में पहले पैसा लगा चुके वॉरबर्ग पिंकस और डच पेंशन फंड एपीजी अपनी हिस्सेदारी कम कर सकते हैं।

वॉरबर्ग ने लेमन ट्री में 2006 में 210 करोड़ रुपये में 25 पर्सेंट स्टेक खरीदा था। एपीजी के पास अभी कंपनी के 15 पर्सेंट शेयर हैं। उसने 2012 के बाद से तीन राउंड में कंपनी में इतना स्टेक लिया है। डच फंड अब तक लेमन ट्री में 1,200 करोड़ रुपये इनवेस्ट कर चुका है। सौदे के बारे में पूछने पर ब्लैकस्टोन, टीपीजी और वॉरबर्ग पिंकस ने कमेंट करने से मना कर दिया। लेमन ट्री, कैपिटल इंटरनेशनल और एपीजी को गुरुवार को ईमेल से सवाल भेजे गए थे, लेकिन उनका जवाब खबर लिखे जाने तक नहीं मिला था। लेमन ट्री के मैनेजिंग डायरेक्टर पी केसवानी से फोन और टेक्स्ट मेसेज के जरिये संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिया।

▪ **ब्लैकस्टोन ग्रुप,** टीपीजी कैपिटल मैनेजमेंट और कैपिटल इंटरनेशनल ग्रुप का स्टेक खरीदने का इरादा, 1 अरब डॉलर लग सकती है कंपनी की वैल्यू

लेमन ट्री को मिड मार्केट सेगमेंट की होटल चेन के तौर पर 2002 में शुरू किया गया था। अभी इसकी मौजूदगी प्रीमियर लग्जरी, मिड मार्केट और इकनॉमी सेक्टर्स में है। कंपनी के पास 29 होटल हैं, जो 18 शहरों में फैले हुए हैं। इन होटलों में 3,200 कमरे हैं। कंपनी 1,400 कमरों वाले और 9 होटल बना रही है। इन होटलों के 2018 के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है।

इनके अलावा कंपनी के पास 5 होटलों के लिए ऑपरेशनल मैनेजमेंट कॉन्ट्रैक्ट है। यह विदेशी बाजार में भी एंट्री करने की सोच रही है। कंपनी खासतौर पर मिडल ईस्ट और ईस्ट एशिया के देशों में होटल खोलना चाहती है। कंपनी ने पिछले महीने कहा था कि वह गल्फ कॉरपोरेशन काउंसल रीजन में 8 होटल एसेट्स की योजना बना रही है। 2014-15 में लेमन ट्री का लॉस 60.24 करोड़ रुपये था, जो साल भर पहले 46.1 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी को फाइनेंशियल ईयर 2014 में 245 करोड़ रुपये की आमदनी हुई थी।

© The Economic Times (Hindi)